दिन–सोमवार | दिनांक– 02 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार सरकार ने जातीय गणना का आंकड़ा जारी किया। इसमें सबसे अधिक अति पिछड़ा वर्ग की आबादी है, जो कुल जनसंख्या का छत्तीस दशमलव शून्य एक प्रतिशत है।

02. भाजपा ने जातीय गणना की रिपोर्ट को आधा–अधूरा बताया। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सामाजिक और आर्थिक आंकड़ों को छुपाने का लगाया आरोप।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना की रिपोर्ट को लेकर कल सर्वदलीय बैठक बुलायी। कहा– सभी दलों से विचार–विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

04 और, कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया।

———————————————————

बिहार सरकार ने जातीय गणना का आंकड़ा जारी कर दिया है। आज पटना में प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने आंकड़े जारी किये। उन्होंने बताया कि राज्य की कुल जनसंख्या तेरह करोड़ सात लाख पच्चीस हजार तीन सौ दस है। इसमें सबसे अधिक अति पिछड़ा वर्ग की आबादी है, जो कुल जनसंख्या का छत्तीस दशमलव शून्य एक प्रतिशत है। वहीं, पिछ़ड़ा वर्ग की आबादी सत्ताईस दशमलव एक दो प्रतिशत है। अनुसूचित जाति की जनसंख्या उन्नीस दशमलव छह पांच और अनुसूचित जनजाति की एक दशमलव शून्य छह प्रतिशत है। सामान्य वर्ग की आबादी पंद्रह दशमलव पांच दो प्रतिशत है। और ब्योरा हमारी संवाददाता से––

–––बाईट–––

जातीय आंकड़ों में कहा गया है कि राज्य में यादव जाति की आबादी सब से अधिक चौदह दशमलव दो छह प्रतिशत है। वहीं, रविदास की पांच दशमलव दो, कोईरी की चार दशमलव दो, ब्राह्मण की तीन दशमलव छह पांच और राजपूत जाति की आबादी तीन दशमलव चार पांच प्रतिशत है। इसी तरह मुसहर जाति की आबादी तीन दशमलव शून्य आठ, भूमिहार की दो दशमलव आठ छह, कुर्मी की दो दशमलव आठ, मल्लाह की दो दशमलव छह, बनिया की दो दशमलव तीन एक और कायस्थ जाति की आबादी शून्य दशमलव छह प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल आबादी का कुल इक्यासी दशमलव नौ नौ प्रतिशत हिन्दू धर्म को मानता है। मुस्लिम धर्मावलंबियों की संख्या सत्रह दशमलव सात प्रतिशत है। इसाई कुल आबादी के शून्य दशमलव शून्य पांच सात और सिख शून्य दशमलव शून्य एक एक प्रतिशत हैं। इसी तरह बौद्ध धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य आठ पांच और जैन धर्म मानने वालों की संख्या शून्य दशमलव शून्य शून्य नौ प्रतिशत है। शून्य दशमलव एक दो सात प्रतिशत लोग अन्य धर्मों को मानते हैं। जबकि शून्य दशमलव शून्य शून्य एक छह प्रतिशत आबादी किसी धर्म को नहीं मानती है। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में दो करोड़ तिरासी लाख चौवालीस हजार एक सौ साठ परिवार हैं जिनकी गणना की गयी।

———बाईट———

श्री सिंह  ने बताया कि जातीय गणना का काम दो चरणों में पूरा किया गया और पूरी प्रक्रिया में विश्वसनीयता बनाई रखी गयी।

———बाईट———

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट को लेकर कल सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस बैठक में रिपोर्ट के सभी पहलू को रखा जायेगा और सभी दलों से विचार—विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि जातीय गणना के आंकड़े  आने के बाद सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के आधार पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने में मदद मिलेगी।

———बाईट———

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद जिसकी जितनी आबादी उतनी उसकी हिस्सेदारी के सिद्धांत को अमल में लाया जा सकेगा।

———बाईट———

————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि पार्टी ने हमेशा से जातीय गणना का समर्थन किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि जारी रिपोर्ट में सिर्फ जाति के आंकड़े हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किये गये हैं। उन्होंने रिपोर्ट को आधा—अधूरा

बताते हुए कहा कि रिपोर्ट का पूरा अध्ययन करने के बाद इस मुद्दे पर भाजपा का विस्तृत बयान आयेगा।

———बाईट———

———————————————————————

नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि जातीय गणना की रिपोर्ट में कुछ भी नया नहीं दिख रहा है। संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिन्हा ने कहा कि रिपोर्ट के अध्ययन के बाद ही इस मुद्दे पर विस्तार से कुछ कहा जा सकता है।

———बाईट———

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि जातीय गणना के आंकड़े राज्य की जनता में भ्रम पैदा करने वाले हैं। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जातीय गणना के आंकड़ों की जगह अपने शासन काल में किये गये कामों का ब्योरा लोगों को देना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ चौवनवीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नई दिल्ली में राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधी जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, प्रदेश में मुख्य समारोह पटना के गांधी मैदान में आयोजित किया गया जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन शास्त्रीनगर पार्क में किया गया जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर,

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इधर, हमारे संवाददाताओं बताया है कि गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन कर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आकाशवाणी पटना में केंद्राध्यक्ष वेद प्रकाश ने महात्मा गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पटना स्थित इनर्जी इंटरेनशल में अध्यक्ष विजय नारायण झा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————

दरभंगा में एम्स निर्माण को लेकर सांसद गोपालजी ठाकुर आज से अनश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री ठाकुर राज्य सरकार की ओर से एम्स निर्माण के लिए चिह्नित स्थल एकमी–शोभन में अनशन पर बैठे हैं। श्री ठाकुर के साथ विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरी सहनी, मधुबनी के सांसद अशोक यादव, विधायक संजय सरावगी, हरिभूषण ठाकुर बचौल और मुरली मनोहर झा समेत भारी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

———————————————————

मॉनसून की सक्रियता के चलते पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश हुयी है। कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग के अनुसार नवादा के हिसुआ में सबसे अधिक एक सौ एक दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, भोजपुर, कैमूर, नवादा, सुपौल और पूर्णियां समेत पंद्रह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. बिहार सरकार ने जातीय गणना का आंकड़ा जारी किया। इसमें सबसे अधिक अति पिछड़ा वर्ग की आबादी है, जो कुल जनसंख्या का छत्तीस दशमलव शून्य एक प्रतिशत है।

02. भाजपा ने जातीय गणना की रिपोर्ट को आधा–अधूरा बताया। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सामाजिक और आर्थिक आंकड़ों को छुपाने का लगाया आरोप।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय गणना की रिपोर्ट को लेकर कल सर्वदलीय बैठक बुलायी। कहा– सभी दलों से विचार–विमर्श कर आगे की रणनीति तय की जायेगी।

04 और, कृतज्ञ राष्ट्र ने आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।